आईटीआई लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

26 अप्रैल, 2023

प्रेस विज्ञप्ति

आईटीआई लिमिटेड ने पालक्काड संयंत्र में 1 मेगावाट का सौर संयंत्र चालू किया।

बेंगलूरु/पालक्काड : बहु-प्रौद्योगिकी सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी **आईटीआई लिमिटेड** ने अपने आईटीआई लिमिटेड पालक्काड में 1 मेगावाट का ऑन-ग्रिड सौर उर्जा संयंत्र चालू किया है। संयंत्र का उद्घाटन **आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री राजेश राय** ने महाप्रबंधक एवं इकाई प्रमुख, श्री नागराज के.वी, और अतिरिक्त महाप्रबंधक, श्री प्रिंस आर वी, की उपस्थिति में किया।

सिस्टम के चालू होने से आईटीआई लिमिटेड न केवल बिजली शुल्क पर बड़ी बचत करने में सक्षम होगी, बल्कि केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड (केएसईबीएल) के ऊर्जा ग्रिड को अधिशेष उर्जा को बैंक और बेचने में भी सक्षम होगा, क्योंकि यहॉ द्विदिश एबीटी मीटर चालू हो गए हैं। आईटीआई लिमिटेड पालक्काड संयंत्र, इस स्थापना के कारण ऊर्जा बिलों में काफी बचत करेगा।

उद्घाटन को संबांधित करते हुए **आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक श्री राजेश राय** ने कहा कि "हमें सौर उर्जा संयंत्र का उद्घाटन करते हुए बहुत ही प्रसन्नता हो रही है, जो हमारी यात्रा और ऊर्जा संरक्षण प्रयासों में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।" यह पहल हमारे कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। **श्री राय ने कहा,** "एक और खुशी की बात जिसके लिए हमें बहुत गर्व है कि 325 डब्ल्यूपी के 3702 सोलर पीवी पैनल उन्हें बनाने वाले आईटीआई लिमिटेड नैनी प्लांट से मंगाए गए हैं। हम अपनी विभिन्न ईकाइयों में सौर परियोजनाओं को बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। संयंत्र का चालू होना देश के हरित भविष्य में योगदान के हमारे निरंतर और ईमानदार प्रयासों का एक हिस्सा है।"

इस स्थापना के साथ, आईटीआई लिमिटेड हर साल लगभग 750 टन कार्बन डाइऑक्साइड को कम करने में सक्षम होगी, जो हर साल लगभग 4,500 पौधे लगाने के बराबर है और संयंत्र हर साल 12.5 लाख यूनिट ऊर्जा उत्पन्न करेगा। परियोजना का उद्देश्य पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में योगदान करना और नई तकनीक को अपनाने में कंपनी के लक्ष्य की राह में एक महात्वपूर्ण उपलब्धि है। वर्तमान में, आईटीआई लिमिटेड के अपने ईकाइयों में नैनी, रायबरेली, मनकापुर, लखनऊ और बेंगलूरु में रुफ-टॉप कैप्टिव सौर उर्जा संयंत्र हैं।